Digital Edition
# डेमोक्रेटिक फ्रंट
Website : www.demokraticfront.com
वीरवार, 30 जनवरी 2025 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 | चंडीगढ़ | E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### इंटर-कॉलेज कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-46 की लिटरेरी सोसाइटी ने पोएट्री क्लब और अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी विभागों के सहयोग से द इंक्ड वॉयस नामक एक इंटर-कॉलेज कविता पाठ प्रतियोगिता की मेजबानी की। छात्रों ने अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी में अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया, दर्शकों को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के प्रिंसिपल, प्रोफेसर जेके सहगल ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्साह के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि कविता हमेशा एक ऐसा माध्यम रही है जो हमें समय, स्थान और यहां तक कि अपनी भावनाओं की सीमाओं को पार करने की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम न केवल प्रतिभा को बढ़ावा देते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और साहित्य के प्रति प्रेम को भी बढ़ावा देते हैं। जजिंग पैनल में संकाय सदस्य डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. सिद्धार्थ कुमार और डॉ. रंजीत सिंह शामिल थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉ. स्नेह हर्षिंदर शर्मा भी उपस्थित थे।लिटरेरी सोसाइटी की संयोजक डॉ. सी अनुपमा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### शिव महापुराण कथा पर ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी : नरेश गर्ग




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** प्रति वर्ष की भांति इस बार भी ओम महादेव कांवड़ सेवादल द्वारा पांचवीं शिव महापुराण कथा के तहत श्री भक्तमाल कथा का आयोजन 14 से 22 फरवरी तक कराई जा रही है जिस दौरान 22 फरवरी को 11 से 21 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा। विवाह में वर-वधु को उपहार दी जाने वाली वस्तुएं भी भेंट की जाएंगी। इस बार ये कार्यक्रम सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड में होंगे तथा रसिक संत बाबा चित्र-विचित्र बिहारी दास महाराज प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। सेवादल के अध्यक्ष नरेश गर्ग व महासचिव गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि कथा से एक दिन पहले 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो कि अपने आप में ऐतिहासिक होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल होने पर आकर्षक इनाम भी दिया जाएगा। इनमें एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, मिक्सी सहित कई आकर्षक इनाम शामिल हैं। मंगल कलश यात्रा सेक्टर-45 बुड़ैल गांव के डेरा सिद्ध घनेरी शिव मंदिर से शुरू होगी, जो सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड पहुंचकर संपूर्ण होगी। इसको भव्य और आकर्षक रूप देने की तैयारी चल रही हैं। महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेंगी। पुरुष हाथ में खाटू श्याम का झंडा लेकर शोभायात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा में 11 हजार श्रद्धालु शामिल होने का अनुमान है। कलश यात्रा में शामिल होने और निशान उठाने के लिए अब तक लगभग सात हजार भक्तों ने इसके लिए टोकन प्राप्त कर लिया है। ट्राइसिटी के सभी मंदिर कमेटियां, धार्मिक समितियों और कीर्तन मंडलियों से सहयोग हेतु संपर्क किया जा रहा है। संस्था के उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कैशियर भूषण हनी गुलाटी, सलाहकार रिंकू जैन व मोनू गर्ग व कार्यकारी सदस्य अशोक, मनोहर, मोहित, पुनीत गोयल, नवीन, अभिषेक श्रीवास्तव, अभिषेक पंवर, मनीष बंसल व पूनम कोठारी ने बताया कि कथा के दौरान हर रोज सुबह 8 बजे से 12 ज्योतिर्लिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक होगा। हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। नरेश गर्ग ने कहा कि कलश यात्रा व खाटू श्याम का झंडा लेकर शोभायात्रा में शामिल होने के इच्छुक मोबाइल नंबर 9780474700 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ओरल हेल्थ पर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** इनर व्हील क्लब, चंडीगढ़ सेंट्रल ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन (मोहाली शाखा) के सहयोग से सेक्टर 17 पंचकूला में सरकारी स्कूल (हैप्पी स्कूल) की प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ओरल हेल्थ पर एक जागरूकता वार्ता का आयोजन किया। डॉक्टर रोमिला वढेरा, डॉ. अशोक वढेरा, डॉ. प्रतिभा चौहान, डॉ. कविता शर्मा और डॉ. रुचिर कालरा ने कविताओं की मदद से दांतों को ब्रश करने के महत्व और सही तरीके को बहुत ही रोचक तरीके से समझाया। एक समय में 30 छात्रों के छोटे समूहों को संबोधित किया गया ताकि वे सब कुछ स्पष्ट रूप से समझ सकें, बातचीत के बाद सभी छात्रों को टूथपेस्ट और टूथब्रश दिया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अंजना कपूर, सचिव याशिका जैन, संपादक राशि यादव, आईएसओ गीतांजलि गर्ग और क्लब सदस्य अंजना कक्कड़ उपस्थित थे।

# पंचकूला से प्रयागराज, वृंदावन और अयोध्या जाएगी धार्मिक बस यात्रा

### 8 फरवरी को पंचकूला से बस यात्रा रवाना होकर वृंदावन पहुंचेगी

### 9 को प्रयागराज और तीसरे दिन 10 फरवरी को अयोध्या के दर्शन करवाए जाएंगे



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** अमरनाथ अग्रवाल धार्मिक स्थल यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को प्रयागराज, वृंदावन और अयोध्या लेकर जाएंगे। पंचकूला के महापौर एवं यात्रा समिति के चेयरमैन कुलभूषण गोयल ने बताया कि कुलभूषण गोयल ने बताया कि धार्मिक बस यात्रा वृंदावन, प्रयागराज और अयोध्या जाएगी। चार दिवसीय इस यात्रा के पहले दिन पंचकूला से यात्रियों को वृंदावन ले जाया जाएगा। उसके बाद प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन करवा कर चौथे दिन श्रद्धालु वापस लौटेंगे। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को पंचकूला से बस यात्रा रवाना होकर वृंदावन पहुंचेगी। दूसरे दिन 9 फरवरी को प्रयागराज और तीसरे दिन 10 फरवरी को अयोध्या के दर्शन करवाए जाएंगे। 11 फरवरी को बस वापस पंचकूला के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार 14 फरवरी से 4 दिन के लिए और 21 फरवरी को भी श्रद्धालुओं के जत्थे को वृंदावन प्रयागराज और अयोध्या लेकर जाएंगी। यात्रा में एक बार 35 यात्रियों को ले जाने की व्यवस्था है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि इसका आयोजन इस बार अमरावती एजुकेशन सोसाइटी की ओर से किया जा रहा है। बस माता मनसा देवी गोधाम पंचकूला मनसा देवी कांप्लेक्स से चलेगी और वापिस यात्रियों को यहीं पर छोड़ेगी। कुलभूषण गोयल ने कहा कि बुजुर्ग इस यात्रा का लाभ अवश्य उठाएं। यात्रियों से आने-जाने का कोई भी किराया नहीं लिया जाता।

गोयल परिवार ने अपने पिता समाजसेवी स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल की याद में इस यात्रा को शुरू किया है और लोग इसका भरपूर लाभ भी उठा रहे हैं। लोग महापौर द्वारा शुरु की गई यात्रा से काफी लाभान्वित हो रहे हैं और उनके सफल जीवन की कामना कर रहे हैं। हाल ही में हरिद्वार जाकर आए श्रद्धालुओं ने कहा कि पहली बार उन्हें इस यात्रा में सम्मिलित होने का अवसर मिला। बस में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती है। बस निर्धारित स्थल पर श्रद्धालुओं को ले जाती है और उसके बाद श्रद्धालु सुगमता से भगवान के दर्शन करके वापिस उसी स्थल पर पहुंच जाते हैं, जिसके बाद अगली सुबह यात्रियों को लेकर बस आती है और वापस माता मनसा देवी गोधाम छोड़ दिया जाता है। उन्होंने महापौर कुलभूषण गोयल को इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। बुजुर्ग इस यात्रा का लाभ अवश्य उठाएं। यात्रियों से आने-जाने का कोई भी किराया नहीं लिया जाता। गोयल परिवार ने अपने पिता समाजसेवी स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल की याद में इस यात्रा को शुरू किया है और लोग इसका भरपूर लाभ भी उठा रहे हैं। लोग महापौर द्वारा शुरु की गई यात्रा से काफी लाभांवित हो रहे हैं और उनके सफल जीवन की कामना कर रहे हैं। कोई भी इच्छुक यात्रा में जाने के लिए एएनए ग्रुप के कार्यालय एससीओ नंबर 10-11 सेक्टर 2 पंचकूला या हेल्पलाइन नंबर 9216115297 या 8901337344 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पाकिस्तान से आई धमकी को लेकर वीरेश शांडिल्य ने सीजीएम कोर्ट में रखा पक्ष



**डेमोक्रेटिक फ्रंट अंबाला।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य आज पाकिस्तान से आए धमकी भरे कॉल को लेकर दर्ज एफआईआर 205/23 धारा 506 को लेकर अंबाला की सीजेएम कोर्ट में व्यक्तिगत पेश हुए और बलदेव नगर पुलिस द्वारा उपरोक्त एफआईआर में सीजीएम कोर्ट में दी अंट्रेस रिपोर्ट को लेकर याचिका दायर की और बलदेव नगर पुलिस की जांच पर सवाल उठाए। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने अदालत को बताया कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हें खालिस्तानी मुहिम के खिलाफ लड़ रहे हैं जिस कारण उन्हें मौत के घाट उतारने की धमकियां मिलती है और मई 2023 में उन्हें पाकिस्तान के नंब से मौत के घाट उतारने की धमकी मिली थी जिसकी शिकायत पुलिस को दी और बलदेव नगर पुलिस ने 2 मई 2023 को एफआईआर 205 दर्ज की लेकिन वीरेश शांडिल्य ने अदालत को बताया कि पुलिस ने बिना किसी साईटिफिकली जांच के और लोजिकली एंड के सीजीएम कोर्ट को अंट्रेस रिपोर्ट दे दी।

वीरेश शांडिल्य ने सीजीएम अदालत में बलदेव नगर पुलिस द्वारा अंट्रेस रिपोर्ट को पड़ने के लिए सीजीएम अंबाला को एप्लीकेशन दी जिसे सीजीएम अंबाला ने तुरंत अलाऊड किया और पुलिस ने खुद माना की वीरेश शांडिल्य को पाकिस्तान सहित बंग्लादेश, भुवनेश्वर, राजस्थान, मध्यप्रदेश से फोन आए हुए हैं लेकिन पुलिस ने इन राज्यों में जाकर कोई जांच नहीं की और न ही सिम जारी करने वाले डीलर के ब्यान दर्ज किए। वीरेश शांडिल्य ने अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए मांग की कि एफआईआर 205 की जांच को पुन~ एसपी अंबाला को एसआईटी बनाकर करने के आदेश दिए जाएं।

वीरेश शांडिल्य ने सीजीएम कोर्ट को अपनी सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट की याचिका का जिक्र किया जिसमें हाईकोर्ट ने एडीजीपी हरियाणा को थाना बलदेव नगर में दर्ज एफआईआर 174/24 में लॉजिकल एंड तक पहुंचने के आदेश दिए क्योंकि यह धमकी भी पाकिस्तान के हथियार तस्कर द्वारा दी गई है।

वीरेश शांडिल्य ने अदालत से मांग की है कि उनकी व उनके परिवार की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर 205 में भी एसपी अंबाला को लॉजिकल एंड तक जाने के आदेश दें। जिस पर अदालत ने 8 अप्रैल 2025 को पुन~ सुनवाई के आदेश दिए।



## सुरेन्द्र सिंह पटवाल बने बंगारस्यूँ विकास समिति के प्रधान

### सुरेन्द्र सिंह पटवाल बने बंगारस्यूँ विकास समिति के प्रधान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** बंगारस्यूँ विकास समिति, चण्डीगढ़ के आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से गढ़?वाल भवन, सैक्टर 29 में पीठासीन अधिकारी अनूप सिंह रावत की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से नरेन्द्र सिंह रावत को पैट्रन-इन-चीफ, सुरेन्द्र सिंह पटवाल को प्रधान व दर्शन सिंह नेगी को महासचिव चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में भूपाल सिंह रावत को सचिव, सतेंद्र सिंह बिष्ट को कोषाध्यक्ष व वीरेन्द्र सिंह रावत को कोष निरीक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुरेंद्र सिंह पटवाल ने कहा कि वह सभा की बेहतरी के लिए कार्यरत रहेंगे व वर्ष 2025 से 2027 के दौरान कई सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाएंगे।

## फर्स्ट कॉफी ने चण्डीगढ़ के नेक्सस इलांटे मॉल में खोला अपना आऊटलेट



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** भारत के प्रमुख ग्रैब-एण्ड-गो स्पेशलटी कॉफी ब्राण्ड फर्स्ट कॉफी ने चण्डीग? में विस्तार की घोषणा की है और पंबाज एवं हरियाणा को कॉफी का अनूठा अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। दिल्ली-एनसीआर के आउटलेट्स में जबरदस्त सफलता के बाद यह ब्राण्ड का दूसरा सिटी लॉन्च है, जिसके साथ तीन लोकेशनों पर स्टोर खोले जाएंगे। आज ही चण्डीगढ़ के नेक्सस इलांटे मॉल की तीसरी मंजिल पर स्थित हमारे नए आउटलेट में विजिट करें और फर्स्ट कॉफी का जादुई अनुभव पाएं!

91 के एससीए स्कोर से युक्त 100 फीसदी अरेबिका कॉफी के लिए विख्यात फर्स्ट कॉफी एकमात्र भारतीय ब्राण्ड है, जो उच्च गुणवत्ता की स्पेशलटी कॉफी लेकर आता है। हमारा मिशन प्रीमियम कॉफी को उपभोक्ताओं के लिए सुलभ बनाना और उन्हें बेहतरीन कीमत पर उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करना है। 2024 में अपनी शुरूआत के बाद से फर्स्ट कॉफी को कॉफी प्रशंसकों ने खूब पसंद किया है। अनुभवी उद्यमियों सोहराब सीताराम औरशिव धवन द्वारा स्थापित फर्स्ट कॉफी गुणवत्ता एवं इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है, जो कर्नाटक के चिकमगलूर में स्थित प्रतिष्ठित हार्ले एस्टेट से कॉफी बीन्स मंगवाते हैं। हम सिंगल-ओरिजिन, माइक्रो-लॉट कॉफी का इस्तेमाल करते हैं, यानि ये बीन्स फार्म के विशेष क्षेत्रों से लाए जाते हैं, जो कॉफी को बेहतरीन फ्लेवर देते हैं। यह स्थायी दृष्टिकोण इस बात की गारंटी देता है कि कॉफी का हर कप अपने शानदार स्वाद के साथ-साथ जिम्मेदाराना फार्मिंग को भी बझ़ावा दे।

चण्डीगढ़ का नया आउटलेट इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह आधुनिक लुक के साथ फंक्शनेलिटी का बेहतरीन संयोजन है, और आज की व्यस्त जीवनशैली में ग्रैब-एण्ड-गो का परफेक्ट अनुभव देता है। आउटलेट का हर हिस्सा कॉफी प्रशंसकों के विजिट को प्रीमियम और खास बना देता है। इनके मैन्यु में क्लासिक कॉफी के साथ बोल्ड सिगनेचर ड्रिंक्स भी शामिल हैं। आप रिच हॉट कॉफी का लुत्फ उठाना चाहते हैं या हमारे क्रीमी फ्रैप्स का आनंद उठाना चाहते हैं, यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ जरूर है। और अगर आप चाय के शौकीन हैं तो हम आपके लिए पारम्परिक गरम चाय और स्पेशल चाय भी लेकर आते हैं।

## दो को मनाया जाएगा बसंत पंचमी एवं दीनबंधु छोटूराम का जन्मोत्सव



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** जाट सभा, चण्डीगढ़-पंचकूला द्वारा आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी एवं दीनबंधु छोटूराम का 144 वां जन्म दिवस सर छोटू राम जाट भवन, पंचकूला में धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं संस्था के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि इस अवसर पर समारोह में शहीदों के परिवारजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर गरीबों एवं किसानों के मसीहा दीनबंधु चौधरी छोटूराम का जन्मदिन 2 फरवरी को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस समारोह में स्थानीय सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता जस्टिस रामेश्वर सिंह मलिक, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट (सेवानिवृत) करेंगे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि चौधरी छोटूराम के पदोहते पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह, भाजपा की राज्य उपप्रधान श्रीमती बंतो कटारिया, जम्मू एंड कश्मीर के विधायक विक्रम सिंह रंधावा उपस्थित होंगे। डॉ महेंद्र सिंह मलिक ने आगे जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के अलावा समाज के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारियों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और कटरा (जम्मू कश्मीर) में निर्माणाधीन चौधरी छोटूराम सेवा सदन में एक लाख से अधिक दान देने वाले गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## नूरमहल-डॉक्टर खेड़ा में मनाया जाएगा मानवाधिकार मंच का स्थापना दिवस



**डेमोक्रेटिक फ्रंट खरड़.** ह्यूमन राइट्स फोरम की एक अहम बैठक महिला विंग की जिला अध्यक्ष मैडम जसविंदर कौर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.जसवंत सिंह खेड़ा, राष्ट्रीय संयोजक गुरकीरत सिंह खेड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग मैडम प्रितपाल कौर, गुरप्रीत सिंह झामपुर पंजाब अध्यक्ष, बलविंदर कौर राष्ट्रीय मुख्य सचिव महिला विंग, पिंकी शर्मा अध्यक्ष महिला विंग, सुरिंदर सिंह उपाध्यक्ष, इस्लाम बाई चेयरमैन सलाहकार समिति हरियाणा और एडवोकेट रेनू ऋषि गौतम चेयरपर्सन महिला विंग चंडीगढ़ विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. खेड़ा ने कहा कि स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों में काफी उत्साह है क्योंकि मंच अपना 24वां स्थापना दिवस जालंधर जिले के नूरमहल ब्लॉक में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाएगा। इस खुशी के मौके पर कुछ लोगों को HRM अवॉर्ड 2025 से भी सम्मानित किया जाएगा.

## केंद्र सरकार ने पैकेज में रखी गई वस्तुएं लेबलिंग प्रावधानों में संशोधन के अनुपालन के लिए संरचित समय-सीमा की घोषणा की

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो ( रघुनंदन पराशर ).** यह निर्णय विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अंतर्गत लेबलिंग संशोधनों के अनुपालन के लिए सुचारू बदलाव सुनिश्चित करेगा नियमों के अंतर्गत लेबलिंग प्रावधानों से संबंधित संशोधनों के लिए लागू करने की तिथि 180 दिन की सूचना के साथ किसी दिए गए वर्ष की 1 जनवरी या 1 जुलाई होगी।इन संशोधनों का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, उत्पाद संबंधी जानकारी में सटीकता सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं को सूचित खरीद निर्णय लेने में सशक्त बनाना है

भारत सरकार ने विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी गई वस्तुएं) नियम, 2011 में संशोधनों को लागू करने के लिए एक संशोधित समय-सीमा पेश की है। सुचारू कार्यान्वयन की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है कि लेबलिंग प्रावधानों में कोई भी संशोधन अधिसूचना की तारीख से 180 दिनों की न्यूनतम परिवर्तन अवधि के अधीन 1 जनवरी या 1 जुलाई को लागू होगा। यह दृष्टिकोण व्यवसायों को परिवर्तनों के अनुकूल होने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करता है।यह निर्णय व्यापार में आसानी सुनिश्चित करने और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करने के साथ-साथ उपभोक्ता कल्याण के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।असाधारण या अपवाद की स्थितियों में, संशोधनों के कार्यान्वयन के संबंध में निर्णय मामला-दर-मामला आधार पर लिए जा सकते हैं, जिससे जनहित से समझौता किए बिना समयबद्ध और व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित हो सके।

विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी गई वस्तुएं) (संशोधन) नियम, 2011 व्यापार और वाणिज्य में निष्पक्षता, पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियम पैकेज्ड वस्तुओं पर स्पष्ट, सुपाठ्य और मानकीकृत लेबलिंग को अनिवार्य बनाते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को शुद्ध मात्रा, एमआरपी, निर्माण की तारीख, मूल देश और निर्माता विवरण आदि जैसी महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित होती है। नियम उपभोक्ताओं को सूचित खरीद निर्णय लेने के लिए सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं और इस प्रकार व्यापार और वाणिज्य में विश्वास की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।ये नियम उपभोक्ता हितों को व्यावसायिक आवश्यकताओं के साथ संतुलित करते हैं तथा विवादों और कानूनी अनिश्चितताओं को कम करने के लिए अनुपालन के लिए स्पष्टता प्रदान करते हैं। विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी गई वस्तुएं) नियम, 2011 निष्पक्ष बाजार को बढ़ावा देने, उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और नैतिक व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं।ये निर्णय उपभोक्ता संरक्षण और कारोबार में आसानी के बीच संतुलन बनाने तथा उद्योग हितधारकों पर अनुपालन बोझ कम करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

एक नज़र

## पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रभुनाथ शाही



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 45 ए चंडीगढ़ में चल रहे एन एस एस के सात दिवसीय स्पेशल कैंप का आज विधिवत रूप से समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही और फाउंडेशन के पर्यावरण कार्य सह प्रमुख दीपक शर्मा उपस्थित हुए।विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सूद ने आए हुए मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि का स्वगत किया। विनोद कुमार ने मंच संचालन करते हुए सात दिन में किए गए कार्यों और अनुभव को सबके साथ सांझा किया । मुख्य अतिथि पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने अपने छात्र जीवन के एन एस एस के अनुभव को बताते हुए पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के कार्यो में युवाओं के महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा किए।उन्होंने गुरुबानी के पवित्र बचन पवन गुरु पानी पिता माता धरत महत के महत्वपूर्ण संदेश पर प्रकाश डालते हुए साथ सभी से पेड़ लगाने और बचाने तथा डिजिटल साक्षरता में विशेष सहयोग के साथ विकसित भारत में अपने योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किए। स्वयंसेवकों ने भी बताया की किस तरह एनएसएस से जुड़कर हम समाज और देश की तरक्की में योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आशीष और राहत को बेस्ट वॉलेंटियर चुना गया। समाजसेवी रोहित कुमार को कैंप में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि को सादर औषधीय पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी वसीम अहमद, रूपिंदर जीत कौर, विपिन शर्मा, राखी अरोड़ा और सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## हर घर हर गृहणी योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर में रजिस्ट्रेशन किए गए



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.**जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विभाग यमुनानगर अधिकारी ने बताया कि हर घर हर गृहणी योजना के तहत बीपीएल एवं एएवाई परिवारों कों 500 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें बीपीएल परिवारों को योजना के अंतर्गत जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की योजना हर घर हर गृहणी योजना के तहत बीपीएल एवं एएवाई परिवारों को 500 रुपये का सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जाना है तथा उनकी बकाया राशि की सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जानी है, जिसके सन्दर्भ मे गत दिवस जिला खादय. नागरिक आपूर्ति एवं उपभोकता मामले नियन्त्रक, नियन्त्रक की अध्यक्षता में गैस एजेन्सी संचालकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिये गये है कि वह जिला के समस्त सीएससी संचालकों से तालमेल करते हुए प्रत्येक गांव में बीपीएल व एएवाई परिवारों को योजना का लाभ देने हेतु हरियाणा सरकार की वैबसाईट https://epds.haryanafood.gov.in पर आनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए कैम्प लगाए ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। विभाग कार्यालय द्वारा गैस एजेंसी के आधार पर अलग अलग गांवों की सूची तैयार की गई है। शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान पात्रों को सुनिश्चित शिविर में आमंत्रित किया जा रहा है और सम्बंधित गैस एजेंसी द्वारा उनका रजिस्ट्रेशन किया गया।

## दूसरे शीतकालीन पैरा खेल 2025 के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो, ( रघुनंदन पराशर ).** पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव जसप्रीत सिंह धालीवाल और प्रेस सचिव प्रमोद धीर जैतो वालों ने प्रेस को बताया कि भारतीय पैरालंपिक समिति के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दूसरे शीतकालीन पैरा हिमाचल प्रदेश के नारकंडा में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 2025 शुरू हो गया है और यह 31 जनवरी तक चलेगा। इस शिविर में भाग लेने के लिए पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 3 खिलाड़ी और 5 अधिकारी पहुंच चुके हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में लगी : मंत्री रणबीर गंगवा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में देश तथा प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। कैबिनेट मंत्री बुधवार को बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खोखा तथा खरकड़ी में प्रदेश हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर ग्रामीणों का धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव खोखा में धानक तथा एससी चौपाल के निर्माण कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपये की घोषणा के साथ-साथ बीसी चौपाल के हॉल के निर्माण का भी आश्वासन तथा गांव खरकड़ी में सामान्य, एससी व बीसी चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपये तथा ऑपन जिम बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। वर्तमान सरकार द्वारा जो वादे किए जाते हैं उनको पूरा करने का भी काम करती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व



में सरकार इस दिशा में लगी हुई है कि कैसे अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक भी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बात युवाओं की हो या दूसरे वर्ग की, हर वर्ग का ध्यान रखते हुए वर्तमान सरकार ने योजनाएं बनाई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में डीएससी समाज की भलाई के लिए जो कदम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उठाए हैं, उसका समाज के हर आयु वर्ग को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, हिसार द्वितीय खंड चेयरमैन अजय गावड़, हिसार प्रथम ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन नरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज, रोहताश बूरा, मंजीत बूरा, अजीत खरकड़ी, शमशेर बूरा, संजय, सत्य नारायण, राजेश गिल, अजमेर सलेमगढ, विजेंद्र बेनीवाल, महाराज सतीश रावल, गांव खोखा सरपंच मीरा, सरपंच प्रतिनिधि कर्मपाल हुड्डा, गांव खरकड़ी सरपंच प्रतिनिधि विक्रम सोनी व सुंदर सिंह नागर एवं गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरी देने का कार्य किया। भाजपा सरकार पहले दिन से ही काबिलियत के आधार पर नौकरी देने के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी, दुकानदार या कोई भी छोटे से छोटे वर्ग का कोई भी बच्चा हो अगर उसमें योग्यता है तो उसे नौकरी प्राप्त करने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार योग्यता के आधार पर युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि परिवार पहचान पत्र नागरिकों के लिए एक सशक्त माध्यम बन गया है। परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-चिरायु हरियाणा के तहत 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्येय नागरिकों की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से करना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ आएं है, किसी भी नागरिक को समस्या है तो वो संबंधित अधिकारियों को बताकर दूर करवा सकते हैं।

## जीवनरक्षक नमस्ते : फोर्टिस मोहाली ने स्ट्रोक पहचानने की अनूठी तकनीक पेश की

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** क्या एक साधारण 'नमस्ते' स्ट्रोक की स्थिति में जीवन बचा सकता है? एक नई तकनीक निश्चित रूप से ऐसा कर सकती है। फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने इस पारंपरिक अभिवादन का उपयोग करके प्रारंभिक स्ट्रोक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल शुरू की है।

इस तकनीक को समझाते हुए प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. श्रीराम वर्धाराजन ने कहा कि एक साधारण नमस्ते तीव्र स्ट्रोक के दौरान जीवन बचा सकता है। नमस्ते करते समय व्यक्ति स्ट्रोक के मुख्य लक्षणों की तुरंत पहचान कर सकता है। दोनों हाथ जोड़ने से बांह की कमजोरी या झुकाव का पता चल सकता है, सीधे खड़े होकर मुस्कुराने से चेहरे के असंतुलन या गिरावट की पहचान हो सकती है, और 'नमस्ते' बोलने से अस्पष्ट या तुतलाती हुई वाणी का पता चल सकता है। इसके अतिरिक्त, आंखें बंद करने से संतुलन या संवेदनशीलता की समस्या का परीक्षण किया जा सकता है।

डॉ. वर्धाराजन ने बताया कि मौजूदा प्री-हॉस्पिटल स्ट्रोक असेसमेंट स्केल मुख्य रूप से चेहरे की गिरावट, बांह की कमजोरी, पकड़ की शक्ति और बोलने की कठिनाई पर केंद्रित होते हैं - जिनकी जांच पारंपरिक नमस्ते के माध्यम से एक साथ की जा सकती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि



यदि कोई व्यक्ति अकेला हो, तो वह आईने के सामने स्वयं इस तकनीक से अपनी जांच कर सकता है। नमस्ते करते समय आंखें बंद करने से संतुलन या संवेदनशीलता की गड़बड़ी का भी पता लगाया जा सकता है, जो पीछे के मस्तिष्क (पॉस्टीरियर सर्कुलेशन) में स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। तकनीक को विस्तार से समझाते हुए उन्होंने कहा कि नमस्ते की मुद्रा में कंधों की हल्की झुकाव के साथ उठान, कोहनियों का मोड़, और हाथों को जोड़ना शामिल है। यह स्थिति बांह की कमजोरी और पकड़ की शक्ति में कमी को उजागर कर सकती है। मुस्कुराना और नमस्ते ज़ोर से बोलना चेहरे की विषमता और अस्पष्ट वाणी की पहचान करने में मदद करता है। इस सरल तकनीक को आसानी से अपनाया जा सकता है, और तमिल में वडकम्म जैसे क्षेत्रीय अभिवादन भी इसके प्रभावी विकल्प हो सकते है।

फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने इस तकनीक को प्रारंभिक स्ट्रोक पहचान के लिए एक सरल और सुलभ प्री-हॉस्पिटल स्क्रीनिंग विधि के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। डॉ. वर्धाराजन ने ज़ोर देकर कहा कि स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर पहचान और त्वरित उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक एक तेजी से बढ़ती राष्ट्रीय समस्या है। इससे निपटने का पहला कदम जागरूकता बढ़ाना और लोगों को ऐसे सरल तरीकों से सशक्त बनाना है।

## 250 लोगों ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में कराई जांच

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के 54 वें राजत्व दिवस के उपलक्ष्य में वर्ल्ड हिमाचल आर्गेनाईजेशन द्वारा सेक्टर 40 ऐ स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल सेक्टर 32 के प्रधान निदेशक प्रो ए के अत्री ने किया। इस अवसर पर हिन्दू पर्व महासभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष बी पी अरोड़ा और चंडीगढ़ भाजपा एवं नगर निगम के पूर्व मेयर अरुण सूद ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। चिकित्सा शिविर में मोहाली के प्रसिद्ध चीमा मेडिकल काम्प्लेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोलोजिस्ट, यूरलॉजिस्ट, डर्मोटोलॉजिस्ट, ई सी जी, बीएमडी, आरबीएस आकू प्रेशर, विशेषज्ञों ने कुल 250 से भी अधिक लोगों की जांच की और उनके टेस्ट किये। कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए संस्था की चेयरमैन आशा जसवाल ने बताया कि वर्ल्ड हिमाचल आर्गेनाईजेशन द्वारा हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस पहली बार चंडीगढ़ में मनाया गया। इस दिवस को ऐतिहासिक बनाने हेतु हमारी संस्था ने लोगों की नि:शुल्क जांच के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया 7 हमारी संस्था एक समाज सेवी संस्था है जो समय समय पर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। संस्था के इस नेक काम का हिस्सा बनने हेतु चंडीगढ़ और इसके आसपास की 12 हिमाचली संस्थाओं अखिल भारतीय प्रवासी हिमाचली संयुक्त मोर्चा दिल्ली, मानवता फाउंडेशन, हिमाचल वेलफेयर सोसाइटी मौलीजागरां, हिमाचल सभा सेक्टर 56 , हिमाचली कल्याणकारी सभा डेराबस्सी, हिमाचल सोसाइटी जीरकपुर, देवभूमि हिमाचल वेलफेयर सोसाइटी जीरकपुर, , जुझारनगर जनकल्याण सोसाइटी ,उड़न वेलफेयर सोसाइटी बड़माजरा, हिमाचली जनहित महासभा खरड़, हिमाचल सुधार सभा मलोया, हिमाचली एकता मंच मोहाली, के लोगों और 2 अन्य संस्थाओं श्री दुर्गा मंदिर सेक्टर 41, हिमाचल प्रकोष्ठ भाजपा चंडीगढ़ के सदस्यों ने इसमें भाग लिया। चिकित्सा शिविर में वर्ल्ड हिमाचल आर्गेनाईजेशन के रविंद्र पठानिया, मीनाक्षी ठाकुर, राजेश ठाकुर,तरसेम शर्मा, बी के बाली, संजीव ग्रोवर, सुरेश राणा, सुपर्णा, अमित राणा , मोहिंदर निराला, सनी राजपूत, राजपाल डोगर, ने आये हुए सभी लोगो का स्वागत किया।

## अमरनाथ यात्रा के दौरान भंडारा सेवा देने पर जम्मू कश्मीर के राज्यपाल ने हिसार के शिव सेवक मंडल को सम्मानित किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** गत वर्ष हुई अमरनाथ यात्रा के दौरान हजारों यात्रियों के लिए भंडारा लगाकर अभूतपूर्व सेवाएं व सुविधाएं देने पर जम्मू कश्मीर के राज्यपाल महामहिम मनोज सिन्हा ने हिसार के श्रीशिव सेवक मंडल को एक समारोह में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। ये सम्मान वहां लगाए गए विभिन्न भंडारा संगठनों में से गिने चुने संगठनों को दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 29 जून से 19 अगस्त 2024 के बीच पंथा चौक, श्रीनगर में हिसार की ओर से अमरनाथ जाने वाले हजारों यात्रियों के लिए भंडारा लगाकर उसमें 24 घंटे के लिए अनेक तरह की सुविधाओं का प्रबंध किया था। इस संबंध में गत दिवस लुधियाना में श्रीअमरनाथ यात्रा भंडारा संगठन (सायबो) की ओर से आयोजित किए गए समारोह में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल महामहिम मनोज सिन्हा तथा माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड व श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के सीईओ के.के. शर्मा द्वारा श्रीशिव सेवक मंडल हिसार के सेवादारों को सम्मानित किया।




# कॉम्प्लेक्स व्हिपल सर्जरी से मिला नया जीवन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** विक्रमजीत सिंह (50), जो गहरे पीलिया और पेट की छोटी आंत में ट्यूमर से पीड़ित था, को मैक्स अस्पताल, मोहाली में एक सफल जटिल व्हिपल सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। एसोसिएट डायरेक्टर जनरल सर्जरी डॉ. मनमोहन बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विक्रमजीत को गंभीर हालत में मैक्स लाया गया था। वह अपनी आंखों के पीलेपन से पीड़ित थे। उन्हें गहरे पीलिया का पता चला जिसके कारण रोगी का आगे मूल्यांकन किया गया और ग्रहणी (छोटी आंत) में एक ट्यूमर का पता चला। ट्यूमर की प्रकृति निर्धारित करने के लिए ट्यूमर से बायोप्सी ली गई।

मरीज की हालत और भी खराब होती चली गई क्योंकि उसे गति के माध्यम से रक्त प्रवाहित



होने लगा, जिससे प्रभावित आंत से लगातार रक्तस्राव के कारण उसके रक्तचाप के स्तर में खतरनाक गिरावट आई।

बार-बार एंडोस्कोपी और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के प्रयासों के बावजूद रक्तस्राव रोकने के सभी प्रयास विफल रहे। इसके अलावा, 20 यूनिट रक्त चढ़ाने के बावजूद उनका हीमोग्लोबिन घटकर 3 ग्राम रह गया। रक्तचाप को बनाए रखने वाली दवाएं भी इसके स्तर को बनाए रखने में विफल रहीं।डॉ. बेदी ने कहा, सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल थी। रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए आंत के रक्तस्राव वाले हिस्से के साथ-साथ अग्न्याशय के सिर के एक बड़े हिस्से, सामान्य पित्त नली के निचले सिरे और पेट के हिस्से को हटाने की आवश्यकता थी। रोगी की खराब स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए, जो समय के साथ बिगड़ती जा रही थी, मामले की उच्च जटिलताओं को समझते हुए रोगी द्वारा सर्जिकल विकल्प को चुना गया। इस अत्यधिक जटिल सर्जरी में प्रमुख चुनौती मरीज की गंभीर स्थिति और प्रक्रिया के दौरान स्थिरता बनाए रखने के लिए एनेस्थीसिया देना था, जिससे न्यूनतम रक्त हानि के साथ प्रभावित अंगों को निकालना सुनिश्चित हो सके। सर्जरी के बाद, आईसीयू क्रिटिकल केयर टीम ने कार्यभार संभाला और मरीज को किसी भी असामान्यता को ठीक करने के लिए रक्त आधान और अन्य रक्त उत्पाद-प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और एसएसई-प्रदान किया। मरीज को धीरे-धीरे वेंटिलेटर से नीचे ले जाया गया, और पुनर्निर्माण प्रक्रिया के चौथे दिन एंडोट्रैचियल ट्यूब को हटा दिया गया। पांचवें दिन, रोगी के पाचन तंत्र का पुनर्निर्माण किया गया, जो सफलतापूर्वक पूरा हो गया और पेट बंद कर दिया गया। उन्होंने अगले ही दिन से मौखिक आहार लेना शुरू कर दिया और सातवें दिन उन्हें सामान्य वार्ड में ले जाया गया। अच्छे आहार और फिजियोथेरेपी के साथ, रोगी ने उल्लेखनीय सुधार किया और सर्जरी के ग्यारहवें दिन स्थिर स्थिति में उसे छुट्टी दे दी गई।

ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

## एक नजर

### बिजली बिल में अनाप-शनाप चार्ज जोड़कर आम जनता को लूट रही बीजेपी सरकार: हुड्डा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि लगातार भाजपा सरकार जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाने में लगी है। बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के बाद अब जनता से नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर लूट की जा रही है। बिजली बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज जोड़कर उपभोक्ताओं के पास उनकी रीडिंग से ज्यादा बिल भेजे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जितनी बिजली लोग उपभोग करते हैं, उससे भी दो गुना से ज्यादा चार्ज जोड़कर उन्हें बिल थमाए गए हैं। बिजली कनेक्शन लेते समय उपभोक्ता विभाग को सिक्योरिटी जमा करवाता है। इसके बावजूद अब नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर हो रही इस अतिरिक्त वसूली से जनता बेहद परेशान है। लोग अपने बिजली बिलों को दुरुस्त करवाने के लिए विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को कोई राहत देने के बजाय, भाजपा उन्हें परेशान करने के लिए नए-नए तरीके ढूंढती रहती है। पूरे कार्यकाल में कोई नया पावर प्लांट लगाना तो दूर, बीजेपी ने एक यूनिट भी बिजली उत्पादन नहीं किया। बावजूद इसके वो लगातार बिजली को महंगी करके जनता की परेशानी बढ़ा रही है। चंद दिन पहले ही सरकार ने 84 लाख बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 47 पैसे फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट के नाम पर लूटने का फरमान सुनाया था। इसके चलते 201 यूनिट बिजली खर्च होने पर प्रत्येक उपभोक्ता को 94.47 रुपये ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। हुड्डा ने कहा कि सरकार बिजली को महंगा करने और एडवांस वसूली का खेल बंद करे। नहीं तो इसके खिलाफ कांग्रेस विधानसभा में आवाज उठाएगी।

### केजरीवाल के आरोप का बदला दिल्ली का ओबीसी समाज लेगा :अजयकांत जांगड़ा



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता अजयकांत जांगड़ा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें उन्होंने दिल्ली के पानी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जहर मिलवाने का आरोप लगाया है। जांगड़ा ने कहा कि ऐसे घटिया आरोप लगाने से समाज में अराजकता फैलती है। दिल्ली की जनता जागरुक है, वह सब जानती है कि किस तरह अरविंद केजरीवाल घटिया मानसिकता पर उतर आये हैं। दिल्ली में रहने वाले ओबीसी समाज के वोटर केजरीवाल के इस अपमान का बदला लेने का काम करेगा। पिछड़ा वर्ग नेता अजयकांत जांगड़ा ने बताया कि एक फरवरी को दिल्ली के वजीराबाद क्षेत्र में विशाल रैली होगी जिसमें पिछड़ा वर्ग के लोग केजरीवाल के खिलाफ एकजुटता दिखाएंगे। रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली की जनता केजरीवाल की नीतियों व नीति से बेहद परेशान है। जनता इनसे छुटकारा चाहती है। 5 फरवरी को होने वाले मतदान में दिल्ली की जनता इस बार स्वच्छ शासन के लिये भाजपा की सरकार बनाने का काम करेगी।

### केंद्र सरकार को व्यापारी व उद्योगपतियों को इंस्पेक्ट्रीराज से मुक्ति देनी चाहिए :गर्ग

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रामी केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स व जीएसटी में छूट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन को पत्र भेजा। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को कॉर्पोरेट की तरह आम जनता पर भी 25 प्रतिशत अधिकतम इनकम टैक्स बजट में करना चाहिए जबकि केंद्र सरकार को आम जनता से कॉर्पोरेट से कम इनकम टैक्स लेना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश में बढ़ती महंगाई को देखते हुए सरकार को बजट में इनकम टैक्स में कम से कम 10 लाख रुपए तक की छूट देनी चाहिए। जब व्यापारी व उद्योगपति पर इनकम टैक्स, जीएसटी, आबकारी एवं काराधन, मार्केट फीस, प्रदुषण, बिजली, एक्साइज ड्युटी आदि सरकारी विभागों को लागू कर रहा है। 24 घण्टे इन सरकारी विभागों के अधिकारी व्यापारियों को समय-समय पर चेकिंग करते रहते है। ऊपर से केंद्र सरकार ने व्यापारियों को जो ईडी के अधिन ओर कर दिया है, वह उचित नहीं है। केंद्र सरकार को व्यापारी व उद्योगपतियों को इंस्पेक्ट्रीराज से मुक्ति देनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को बजट में जीएसटी की दरों में सलीकरण करके टैक्स कम करना चाहिए जबकि केंद्र सरकार ने आम जरूरत के समान पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगा रखा है जो बहुत ज्यादा है। सरकार ने जीएसटी, इनकम टैक्स, एक्साइज ड्यूटी, मार्केट फीस, लाइसेंस फीस आदि प्रकार के भारी भरकम टैक्स लगा रखें है। केंद्र व प्रदेश सरकार को देश व प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए टैक्सों में ज्यादा से ज्यादा छूट देनी चाहिए।



# अगली पीढ़ी के परिप्रेक्ष्य को स्थानांतरित करना, थिएटर से मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देना

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय की एनेक्टस एसएसबीयूआईसीईटी टीम ने पंजाब विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल नंबर 9 के सहयोग से मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर एक आकर्षक कार्यशाला आयोजित की। एनेक्टस की फैकल्टी सलाहकार प्रो. सीमा कपूर ने बताया कि माइथार्चे श्रृंखला की 80 वीं कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक ज्ञान प्रदान करना और मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा को बढ़ावा देना है।

कार्यशाला में डीन स्टूडेंट वेलफेयर (महिला) प्रो. सिमरित कहलों और एसोसिएट डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नरेश कुमार की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। प्रो. कहलों ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित उनकी पहल के लिए एनेक्टस टीम की सराहना की। उन्होंने सामाजिक उद्यमिता और अभिनव सामुदायिक सेवा के प्रति उनके दृढ़ समर्पण को स्वीकार किया, उनके प्रयासों के महत्वपूर्ण और स्थायी प्रभाव पर प्रकाश डाला। प्रो. नरेश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टीम का निरंतर समर्पण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और वंचित समुदायों के लिए आर्थिक सशक्तीकरण में अंतर को पाटने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




ग्रामीण पर्यावरण उद्यम विकास सोसाइटी (रीड्स) की सीईओ डॉ. रजनी लांबा ने मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर एक व्यापक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उनकी चर्चा में मासिक धर्म के जैविक पहलुओं, उचित स्वच्छता के महत्व और सामाजिक कलंक से निपटने की रणनीतियों को शामिल किया गया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुलभ मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में एक नाटक भी शामिल था, जिसमें मासिक धर्म कलंक और सीमित संसाधनों के कारण महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को दर्शाया गया था।

डॉ. निशिमा वांगू और डॉ. वरिंदर कौर, छात्रावास संख्या 9 और 10 की वार्डन, गर्ल्स हॉस्टल की निवासी और एनेक्टस की सदस्याओं ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें मासिक धर्म स्वास्थ्य पर एक स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देने के लिए समुदाय की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन एक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत कहानियाँ साझा कीं और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की । एनेक्टस की अध्यक्ष मुस्कान सिहाग ने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम नारीत्व का जश्न मनाता है और समावेशिता को बढ़ावा देने के एनेक्टस पंजाब विश्वविद्यालय के मिशन के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि हॉस्टल के कर्मचारियों को पर्यावरण के अनुकूल, कपड़े से बने सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए, जिन्हें वर्सटाइल एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, लुधियाना द्वारा प्रायोजित किया गया था।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमित चौहान ने बताया कि एनेक्टस की टीम अनुकरणीय युवा नेतृत्व और करुणा का प्रदर्शन कर रही है। उनके प्रयास जीवन को बदलने और दूसरों को समाज में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करके गहरा प्रभाव डाल रहे हैं।

## सुखमय भविष्य के लिए युवाओं को कौशल में अवश्य निपुण होना चाहिए : डीसी

### जिला के युवाओं को बड़ी कम्पनियों में कार्य करने के मिलेंगे अवसर

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि युवाओं को किसी न किसी कौशल में अवश्य निपुण होना चाहिए ताकि उनका भविष्य सुखमय और खुशहाल बन सके। कौशल निपुणता ही उनके भविष्य के द्वार खोलती है। उपायुक्त औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सेक्टर 14 में जिला उद्योग केन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक एवं उद्योगों के सौजन्य से आयोजित रोजगार मेला के अवसर पर युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आईटीआई में ही युवा कौशल में निपुण हो सकते है। सबसे बडे मैनेजमेंट संस्थानों या उद्योगों को आईटीआई प्रशिक्षणार्थी की बड़ी आवश्यकता होती है। इसके अलावा लोकल मार्केट में भी आईटीआई प्रशिक्षणार्थी की निपुणता की मांग होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा नौकरी की तलाश में घूम रहे हैं लेकिन इण्डस्ट्रीज को निपुण युवा नहीं मिल रहे है। इसलिए युवाओं का अपने कौशल में निपुण होना अत्यंत अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में युवाओं को छोटी आमदनी को पॉकेट मनी मानकर कार्य शुरू करना चाहिए जैसे जैसे वह निपुण हो जाएगें उनका पैकेज भी बढ जाएगा। उपायुक्त ने सीधे युवाओं से अनुभव बारे बातचीत करते हुए कहा कि 13 साल पहले प्राईवेट उद्योग में किसी व्यक्ति की सेलरी 18 हजार रुपए रही, जो आज बढकर अढाई लाख हो गई है। इस प्रकार युवाओं को शुरूआत में आमदनी पर विशेष ध्यान नहीं देना चाहिए और अपनी काबलियत और प्रतीभा को निखारने के लिए भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढना चाहिए। श्रीमती मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिला के युवाओं को बड़े उद्योगों में उनके सहयोग से बड़ी मशीनों पर भी कार्य करने के अवसर मिलेंगे। इनमें विशेषकर आईटीआई के युवा ही शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने अपनी युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नशा परिवार और जीवन दोनों को बर्बाद कर देता है।



### सिविल सर्जन कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई

**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर, ( तरसेम दीवाना ).** सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने ,शिक्षित करने व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन कार्यालय होशियारपुर में सिविल सर्जन डा पवन कुमार शगोत्रा के निर्देशानुसार कार्यालय के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह एम्बुलेंस को रास्ता दे तथा सड़क नियमों का पालन करते हुए अपने वाहन को सावधानीपूर्वक चलाए। उन्होंने कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। उन्होंने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने प्रतिभागियों को अच्छा आचरण और अच्छी सोच बनाए रखने, सड़क पर चलते समय हमेशा सतर्क रहने तथा सड़क दुर्घटनाओं के मामले में घायल व्यक्तियों की मदद करने की सलाह दी।

### पीयू में पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा की

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है । विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र अब संबंधित प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार अपनी तैयारी की योजना बना सकते हैं। पीयू परीक्षा नियंत्रक प्रो. जगत भूषण ने बताया कि पीयू कैंपस में विभिन्न अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा यानी पीयू सीईटी (अंडर ग्रेजुएट) 11 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। पीयू कैंपस में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा यानी पीयू सीईटी (पोस्ट ग्रेजुएट) 17 से 19 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। पंजाब विश्वविद्यालय बीए/बी.कॉम एलएलबी (ऑनर्स) (5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) के लिए पीयू कैंपस और क्षेत्रीय केंद्रों में प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी। इसी तरह, पीयू कैंपस में पंजाब विश्वविद्यालय बीए/बी.कॉम एलएलबी (ऑनर्स) (3 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) प्रवेश परीक्षा 29 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी । पंजाब विश्वविद्यालय में Ph.D.at लिए प्रवेश परीक्षा 7 सितंबर, 2025 को आयोजित की जाएगी।

## वर्ष 2025 के लिए शिरोमणि कमेटी की कबड्डी टीम की घोषणा, खिलाड़ियों की जर्सी जारी




**डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो, ( रघुनंदन पराशर ).** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देश पर आज आगामी सीजन 2025 के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कबड्डी टीम की घोषणा की गई। एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन, सदस्य अमरजीत सिंह भलाईपुर और खेल सचिव तेजिंदर सिंह पड्डा ने टीम की घोषणा की और कबड्डी खिलाड़ियों की नई जर्सी जारी की। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नण ने बताया कि शिरोमणि कमेटी सिख युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हॉकी अकादमी और कबड्डी अकादमी के माध्यम से खिलाड़ियों को तैयार करने के साथ-साथ सिख युवाओं को मार्शल आर्ट गतका का प्रशिक्षण भी दे रही है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कबड्डी खिलाड़ी हर साल अच्छे परिणाम हासिल करते हैं। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देशों पर आज इस वर्ष के आगामी सत्र के लिए कबड्डी टीम की घोषणा की गई है, जो कोच मेजर सिंह साहरी की देखरेख में मेजर लीग कबड्डी फेडरेशन में खेलेगी। इस टीम में भूपिंदर सिंह भिंदा मूलेवाल को कप्तान तथा कुलदीप सिंह शिकार माछियां और जरमनजीत सिंह बलपुरियां को उपकप्तान बनाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कबड्डी टीम में अमृतपाल सिंह लांबड़ा मल्लियां, मनप्रीत सिंह तरपल्ला, शनि प्रताप सिंह डेरा बाबा नानक, बलराज सिंह बल्ला कठियाला, लवजीत सिंह कुहाला, सुखराज सिंह रतनगढ़, जसपिंदर सिंह जस्स, करमजीत सिंह लसाडा, धर्मपाल सिंह अवान, कुलजीत सिंह घराचों, गुरप्रीत सिंह मंगू, गुरप्रीत सिंह मंडियां, कमलजीत सिंह लंबड, गगनदीप सिंह डेरा बाबा नानक, लवप्रीत सिंह गगू, हरमनप्रीत सिंह रोडे और बलराज सिंह बल्ला खेलेंगे। उन्होंने युवाओं को नशीले पदार्थ छोड़ने और खेलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सचिव खेल तजिंदर सिंह पड्डा, इंचार्ज गुरमीत सिंह मुक्तसरी, सहायक अधीक्षक सुरजीत सिंह राणा व कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ 5 से सदस्यता पखवाड़ा चलाएगा :विधायकों को ज्ञापन देंगे

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** रिटायर्ड कर्मचारी संघ, आर्य नगर ब्लाक की बैठक ब्लाक प्रधान जयसिंह की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन ब्लाक सचिव ओमप्रकाश झाझिडिया ने किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष जयबीर सिंह ने संगठन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। संगठन की मजबूती से ही हम अपनी मांगों को मनवा सकते हैं। बगैर संगठन कुछ नहीं है। राज्य उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने बैठक के मुख्य एजेंडे के बारे में बताया कि 5 फरवरी से 20 फरवरी तक सदस्यता पखवाड़ा मनाना है तथा हल्के के विधायकों को अपनी मांगों बारे ज्ञापन देना है। सरकार हमें क्षेत्रवाद, जातिवाद एवं धर्म के आधार पर बांटकर फूट डालो और राज करो.. की नीति पर चल रही है। कोविड के समय का 18 महीने का डीए का बकाया अभी तक नहीं दिया है। सरकार दबाव में आकर अब आठवां वेतन आयोग गठित करने की बात कह रही है।

हमारी मांग है कि हरियाणा सरकार हरियाणा के कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों के लिये अलग से आठवां वेतन आयोग गठित करे और हमारी मानी हुई मांगों को लागू करे। आज की बैठक को शंकरलाल वर्मा, रामकुमार, अक्षय कुमार, रामधारी शर्मा, संतलाल जांगड़ा, मा. शंकरलाल, रमेश ग्रोवर एवं रामेश्वर दास ने भी अपने-अपने विचार एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## कालेज

### बाजरे की एचएचबी-67 संशोधित 2 किस्म का हैदराबाद की नामी कंपनी से हुआ समझौता

# हकृवि की उन्नत किस्मों से किसान हो रहे लाभान्वित : प्रो. बी.आर. काम्बोज

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में न केवल हरियाणा बल्कि देश के अन्य प्रदेशों में अपना परचम लहरा रही हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए हैदराबाद की नामी बीज कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा किया गया शोध किसानों के पास तत्काल पहुंचना चाहिए। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि इस तरह के समझौते से विकसित कि गई उन्नत किस्में व तकनीक अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाई जा सके। उपरोक्त समझौते के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित बाजरे की एचएचबी-67 संशोधित 2 किस्म का बीज तैयार कर कंपनी किसानों तक पहुंचाएगी ताकि इस किस्म का विश्वसनीय बीज उन्हें मिल सके और उनकी पैदावार में इजाफा हो सके।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन, हैदराबाद के साथ समझौता हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने जबकि मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन की तरफ से कंपनी के सीईओ मुरलीधर रेड्डी ने हस्ताक्षर किए।

बाजरा अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि एचएचबी-67 संशोधित-2 किस्म पहले वाली किस्म एचएचबी 67 संशोधित का जोगिया रोग प्रतिरोधी उन्नत रूपांतरण है। यह संकर किस्म हरियाणा, राजस्थान व गुजरात के बारानी क्षेत्रों में आम काश्त के लिए 2021 में अनुमोदित की गई थी।

एचएचबी-67 संशोधित के नर जनक एच 77/833-2-202 को चिन्हित (मार्कर) सहायक चयन द्वारा जोगिया रोग प्रतिरोधी बनाया गया है। इस नई विकसित संकर किस्म एचएचबी-67 संशोधित-2 में एचएचबी 67 संशोधित के सभी गुण जैसे अतिशीघ्र पकना, शुष्क रोधिता, दाने व चारे की अच्छी गुणवत्ता, अगेती, मध्यम व पछेती बुवाई के लिए उपयुक्तता आदि विद्यमान हैं। इसके दाने व सूखे चारे की औसत उपज क्रमश- 8.0 क्विंटल तथा 20.9 क्विंटल प्रति एकड़ है। यह नई संशोधित संकर किस्म बेहतर प्रबंधन से और भी अच्छे परिणाम देती है व बाजरा की अन्य बीमारियों के रोगरोधी है।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, डॉ. देवव्रत, डॉ. गजराज, डॉ. रेणू मुंजाल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. विनोद मलिक, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

### राजेश संदलाना बने कैथल के जिला सह प्रभारी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** किसान मजदूर कांग्रेस हिसार के जिला अध्यक्ष रहे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश संदलाना को कांग्रेस पार्टी ने नई जिम्मेवारी सौंपी है। उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला कैथल का सह-प्रभारी बनाया गया है। इससे उनके पैतृक गांव संदलाना में खुशी की लहर है। रणदीप सुरजेवाला वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। राजेश संदलाना ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला तथा पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत्त रहेंगे। राजेश संदलाना वर्ष 2017 से प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं। वे बरवाला सहित प्रदेश के अन्य हलकों में पिछले काफी लंबे समय से सक्रिय हैं और वे पार्टी के पुराने सिपाही के तौर पर कार्य कर रहे हैं। संदलाना रणदीप सिंह सुरजेवाला के काफी नजदीकी हैं और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी की गतिविधियों में शामिल रहते हैं। संदलाना हिसार जिले के किसान मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वे वर्ष 2017 से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं तथा 2023 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं।

## एक नजर

### रक्तदान ही सबसे बड़ा दान हैः डॉ अनिल अग्रवाल



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** मदर मेरी चेरिटी होम संस्था के द्वारा 132वां 133वां एवं134वां मुफ्त आँखों , स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर एक दिन में जिलें के अलग अलग क्षेत्रों में संस्था के अध्यक्ष खुशी डायरेक्टर विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। जिसमें पहला आँखों व स्वास्थ्य चेकअप कैंप शास्त्री कॉलोनी स्तिथ सामुदायिक कैंन्द्र में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी एवं लायंस क्लब जगाधरी गैलेक्सी के सहयोग से संस्था के उपाध्यक्ष सुन्दर प्रताप नारंग के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के चेयरमैन मुख्य अतिथि डॉ अनिल अग्रवाल सर्जन अग्रवाल हॉस्पिटल एवं बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, संस्था के वाइस चेयरमैन लक्ष्मण विनायक, दीक्षा बरार, संस्था के उपाध्यक्ष सुन्दर प्रताप नारंग, बी एस कल्याण एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के सेक्रेटरी हरीश कुमार आदि के द्वारा दीप प्रजावलित करके शुभारम्भ किया गया। वही दूसरा रक्तदान कैंप गांव मुस्मबिल में इकबाल खान के सहयोग से आयोजित किया गया ओर तीसरा कैंप शहीद उधम सिंह चैरिटेबल ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। कैंप में 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अनिल अग्रवाल ने शुभारम्भ के मोके पर बोलते हुऐ कहा की संस्था 1000 मेडिकल कैंप की मुहीम को लेकर चल रही है जिसमें लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संस्था के द्वारा अभी तक हजारों मरीजों का चेकअप करके उन्हें दवाइयां मुफ्त वितरित की गई है जिसमें ऑस्कर रीमिडीस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का पूरा सहयोग रहा है डॉ अनिल अग्रवाल ने कहा की रक्तदान एक महा दान है। क्योंकि रक्त दुनिया किसी भी मशीन में नहीं बनाया जा सकता है यह केवल एक इंसान ही दूसरे इंसान को दे सकता है उन्होंने खुद 120 से ज्यादा बार रक्तदान किया है। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होती ओर ना ही कोई कमजोरी ही आती है। स्वस्थ व्यक्ति को 18 वर्ष के बाद हर तीन महीने के बाद रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कैंप में सलाहकार नीलम बंसल, सह सचिव रघुबीर काम्बोज, ब्रैंड अम्बेसदर इंदु कपूर, साक्षी गुप्ता, संजीव ओबेरॉय, प्रमोद कुमार, अतुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष योगेंदर चौहान,राजीव कुमार, साहिल खान, सुभाष अरोरा, डॉ अजय राणा, सोहेल खान, लक्की राणा, हैप्पी सैनी, वैभव सैनी, समीर खान, करण आदि उपस्थित रहे।

### एक्सपीरियां विरसा ने अमृतसर के रियल्टी बाजार में नए मानक स्थापित किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** 100त्न एफडीआई-फंडेड रियल एस्टेट डेवलपर और सिंगापुर की एक्सपीरियां होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एक्सपीरियां डेवलपर्स ने अपने प्रमुख टाउनशिप प्रोजेक्ट एक्सपीरियां विरसा में विकसित प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमृतसर के जीटी रोड पर स्थित इस प्रोजेक्ट की वजह से प्लॉट्स की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एक्सपीरियां विरसा अमृतसर की एकमात्र 100त्न एफडीआई-फंडेड प्लॉटेड टाउनशिप के रूप में उभरी है, जो ?31.55 लाख से शुरू होने वाले प्रीमियम प्लॉट प्रदान करती है। इस प्रोजेक्ट ने न केवल पंजाब के भीतर बल्कि दिल्ली-एनसीआर और विदेशों से भी खरीदारों का ध्यान खींचा है। यह अमृतसर के रियल एस्टेट बाजार पर बढ़ते विश्वास को सामने लाता है। एक्सपीरियां डेवलपर्स के सीईओ नागराजू राउथू ने कहा, एक्सपीरियां विरसा को मिला जबरदस्त प्रतिसाद अमृतसर को एक प्रमुख इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ती मान्यता को दिखा रही है। संपत्ति के मूल्यों में वृद्धि विश्व स्तरीय सुविधाएं देने के हमारे दृष्टिकोण को फिर से प्रमाणित करती है जो क्षेत्र की डेवलपमेंट स्टोरी में योगदान करते हुए असाधारण रिटर्न दे रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे प्लॉट्स का आवंटन करते रहेंगे, हम भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में पंजाब की स्थिति को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। एक्सपीरियां विरसा की सफलता ऐसे समय में सामने आई है जब अमृतसर में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। इसे बुनियादी ढांचे के मजबूत विकास और बेहतर कनेक्टिविटी का समर्थन मिला हुआ है। टाउनशिप का रणनीतिक स्थान इसे यह लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार कर रहा है। यहां के निवासियों और निवेशकों को शहर की परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान कर रहा है। इस टाउनशिप का नाम है- विरसा, जिसका अर्थ है विरासत। यह टाउनशिप अपने नाम के अनुरूप ही पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाती है। एक्सपीरियां विरसा आधुनिक और शानदार जीवन जीने का अनुभव प्रदान करती है और साथ ही पंजाब की मुख्य भावना को भी अपने साथ कायम रखती है। इसे ध्यान में रखकर ही इसे डिज़ाइन किया गया है। इसके केंद्र में पाँच प्रमुख चौराहे हैं, जिनमें से प्रत्येक का नाम पंजाब की पांच नदियों- सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम के नाम पर रखा है। एक्सपीरियां विरसा को विकसित करने में छोटी से छोटी बातों को भी ध्यान में रखा गया है।

# मिनर्वा एकेडमी अंडर-17 यूथ लीग में बीबीएफएस दिल्ली के खिलाफ 2-3 की रोमांचक जीत के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** कौशल, रणनीति और टीम वर्क के शानदार प्रदर्शन के साथ मिनर्वा एकेडमी अंडर-17 यूथ लीग की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) दिल्ली के खिलाफ 2-3 की कड़ी जीत दर्ज की। यह प्रभावशाली जीत टीम की छठी जीत है, जिसमें दो ड्रॉ शामिल हैं। इससे अंडर-17 यूथ लीग में लीडर के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

मिनर्वा एकेडमी के युवा योद्धाओं ने अब तक 33 गोल के विशाल अंतर के साथ आश्चर्यजनक 37 गोल किए हैं। उनका अपराजित सिलसिला उनके समर्पण, दृढ़ता और सुंदर खेल के प्रति जुनून का प्रमाण है।

बीबीएफएस दिल्ली के खिलाफ मैच लीग की दो शीर्ष टीमों के बीच एक बहुप्रतीक्षित मुकाबला था। दिल्ली की टीम अपने मजबूत युवा विकास कार्यक्रम के लिए जानी जाती है, उसने मिनर्वा एकेडमी के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की। हालांकि, चंडीगढ़ स्थित टीम ने निडर होकर एक दृढ़ प्रदर्शन किया, जो अंततः उनकी जीत का कारण बना।

यह एक रोमांचक मुकाबला था और मिनर्वा के युवा योद्धा दृढ़ थे और उन्होंने शानदार वापसी की। बीबीएफएस ने 2 गोल किए और बढ़त बना ली, लेकिन मिनर्वा ने संघर्ष जारी रखा और मौके बनाए।

मैच हाथ से फिसलता हुआ लग रहा था, लेकिन 82वें मिनट में हुसनप्रीत ने शानदार हेडर के साथ वापसी की और मिनर्वा एकेडमी के लिए उम्मीद जगाई। उस गति को आगे बढ़ाते हुए, टूर्नामेंट के शीर्ष 13 गोल स्कोरर लुंकिम ने दबाव में अपने अविश्वसनीय फॉर्म और संयम का प्रदर्शन करते हुए 86वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद किलोंग के लिए मंच तैयार हो गया, जिन्होंने खेल के अंतिम क्षणों में विजयी गोल करके नाटकीय अंदाज में सभी तीन अंक हासिल करके मैच को अपने नाम कर लिया। मिनर्वा एकेडमी के कोच और सहयोगी स्टाफ़ उनके असाधारण मार्गदर्शन और सलाह के लिए प्रशंसा के



पात्र हैं। उन्होंने टीम को एक एकजुट इकाई बनाने में मदद की है। खिलाड़ियों ने भी मैदान पर अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करके उल्लेखनीय विकास और परिपक्वता का प्रदर्शन किया है। लीग में दो मैच शेष रहने के साथ मिनर्वा एकेडमी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए तैयार है। श्री दशमेश मार्शल फुटबॉल एकेडमी और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम पंजाब एफसी के खिलाफ़ उनके आगामी मुक़ाबले लीग में उनकी अंतिम स्थिति निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होंगे।

मिनर्वा एकेडमी अंडर-17 टीम फ़ुटबॉल में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रही है। उनकी सफलता देश भर के युवा महत्वाकांक्षी फ़ुटबॉल खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करती है। उत्कृष्टता, टीम वर्क और खेल भावना के प्रति टीम की प्रतिबद्धता मिनर्वा एकेडमी के मूल्यों का शानदार उदाहरण है।



## अस्पताल के बाहर लगाया विश्वास फाउंडेशन ने भंडारा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** विश्वास फाउंडेशन पंचकूला द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से भंडारे का आयोजन किया गया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि भंडारा सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला के बाहर लंगर लगाया गया। भंडारे में आलू, पूड़ी, पेठा व खीर बनवाई गई। सैंकड़ों बाहर से आए मरीजों व उनके अभिभावकों को भंडारा वितरित किया गया। इस भंडारा वितरण में विश्वास फाउंडेशन से मूलखराज मनोचा, सुनीता मनोचा, श्याम सुन्दर साहनी, सविता साहनी, पवन मनचन्दा व वीना रानी ने बढ़चढ़ कर सेवा की।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025: उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए वन नेशन वन एक्सपो

### वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025ः उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रीमियर बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो

**डेमोक्रेटिक फ्रंट नई दिल्ली.** बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। 50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा।

नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा। टिकाऊ समाधानों से लेकर डिजिटल निर्माण तकनीकों तक, यह एक्सपो इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का प्रदर्शन होने का वादा करता है, जो वैश्विक मानकों और मांगों को पूरा करने में देश की प्रगति को दर्शाता है। भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को %वन नेशन वन एक्सपो% के रूप में देखा गया है, जो भवन निर्माण सामग्री उद्योग के भविष्य में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने का वादा करता है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 स्थानीय विनिर्माण और नवाचार पर जोर देता है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की जीडीपी वृद्धि में तेजी लाना और निर्यात के अवसरों का विस्तार करना है, विशेष रूप से हार्डवेयर, सिरेमिक, लेमिनेट और पेंट क्षेत्रों में। कैपेक्सिल के प्रवक्ता ने कहा, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने, वैश्विक साझेदारी को प्रोत्साहित करने और निर्माण सामग्री उद्योग में हमारे देश की अद्वितीय क्षमताओं को प्रदर्शित करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। आगंतुकों और प्रदर्शकों के लिए अवसर आगंतुकों के लिए, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 नवीनतम रुझानों का पता लगाने, उद्योग के नेताओं के साथ नेटवर्क बनाने और भविष्य के बाजार दिशाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन विशेष रूप से आर्किटेक्ट, बिल्डरों, इंटीरियर डिजाइनरों और खरीद पेशेवरों के लिए फायदेमंद है जो अभिनव और लागत प्रभावी समाधान चाहते हैं।

दूसरी ओर, प्रदर्शकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और घरेलू हितधारकों सहित अत्यधिक लक्षित दर्शकों के संपर्क से लाभ होगा।



## डॉ. राज के नेतृत्व में कांग्रेस के गढ़ फगवाड़ा में लगी सेंध

**कांग्रेस और भाजपा दोनों को फगवाडा में बड़ा झटका**

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** नगर निगम चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद पंजाब में राजनीतिक उथल-पुथल चरम पर है। कांग्रेस के मजबूत गढ़ माने जाने वाले फगवाड़ा में आज लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक क्षमता साबित की। । उनके नेतृत्व में आज आप को और मजबूती मिली और कांग्रेस पार्षद मनीष प्रभाकर, रामपाल उप्पल, पदम सुधीर (निक्का) अपने साथियों के साथ आप में शामिल हो गए। भाजपा पार्षद परमजीत सिंह खुराना ने भी एक दिन पहले डॉ. राज से हाथ मिलाया और आप का रुख किया । इससे पहले दो निर्दलीय काउंसलरों इंद्रजीत सिंह और हरप्रीत सिंह भोगल ने भी डॉ. राज के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए आप को समर्थन देने का अपना फैसला सार्वजनिक किया था। इसके साथ ही पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पप्पी शर्मा भी आप में शामिल हुए। फगवाड़ा में एक संक्षिप्त समारोह में इन पार्षदों ने सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, आप विधायक रमन अरोड़ा, आप प्रवक्ता हरनूर सिंह मान और पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान की मौजूदगी में आप में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। वरिष्ठ आप नेताओं ने इन पार्षदों को आश्वासन दिया कि उन्हें पार्टी में उपयुक्त पद और जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इस अवसर पर दलजीत राजू, जसपाल सिंह पंडोरी बीबी, पार्षद विक्की सूद, ओम प्रकाश बिट्टू, बॉबी बेदी आदि भी उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री को सौंपे सुझाव

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17, चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री कमलजीत सिंह पंछी ने भारत की माननीय वित्त मंत्री श्रीमती को प्रमुख सुझाव सौंपे हैं। निर्मला सीतारमण, केंद्रीय बजट 2024-25 में विचार के लिए। इन प्रस्तावों का उद्देश्य समग्र आर्थिक कल्याण को बढ़ाते हुए व्यापारियों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करना है।

**प्रमुख सुझावों में शामिल हैंः**

1. *बेरोजगार युवाओं के लिए विशेष पैकेज*ः राष्ट्र के बेरोजगार युवाओं के लिए अवसर और सहायता प्रदान करने के लिए योजनाओं की शुरूआत।
2. *व्यापारियों के लिए पेंशन योजनाएं*ः व्यापारियों के लिए पेंशन योजनाओं का कार्यान्वयन, जो सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
3. *वैट मामलों के लिए डीम्ड असेसमेंट*ः व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए चंडीगढ़ में व्यापारियों के लिए लंबित वैट मामलों के एकमुश्त निपटान का प्रावधान।
4. *वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती यात्रा*ः रेलवे, हवाई यात्रा और बसों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती यात्रा लाभों का विस्तार।
5. *पेंशन पर आयकर छूट*ः पेंशनभोगियों को राहत देने के लिए पेंशन पर आयकर छूट देना।
6. *आवश्यक खाद्य पदार्थों पर जीएसटी राहत*ः या तो जीएसटी से छूट या सभी द्वारा उपभोग किए जाने वाले आवश्यक खाद्य पदार्थों पर बहुत मामूली जीएसटी दर।
7. *नगर निगम, चंडीगढ़ के लिए बजट आवंटन*ः चूंकि चंडीगढ़ केंद्र सरकार द्वारा शासित है, इसलिए बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए नगर निगम चंडीगढ़ के लिए उचित बजट आवंटन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन माननीय वित्त मंत्री से इन सुझावों पर विचार करने का आग्रह करता है, क्योंकि ये व्यापारिक समुदाय और समाज के अन्य वर्गों की जरूरतों और आकांक्षाओं को दर्शाते हैं।



## हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात कर यमुनानगर-जगाधरी एवं उद्योगों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (HCCI) के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश अध्यक्ष विनोद खंडेलवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास, चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में एचसीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव राज चावला व कोषाध्यक्ष सहित सभी जिलों के चैप्टर चेयरमैन/उनके प्रतिनिधि शामिल रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में यमुनानगर चैप्टर के अध्यक्ष राजेश सोनधी ने मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष **यमुनानगर-जगाधरी और टिम्बर आधारित उद्योगों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को रखा। बैठक में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर भी उपस्थित रहे। मुख्य बिंदु जो मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिनमें कहा गया कि टिम्बर आधारित उद्योगों एवं किसानों से जुड़े मुद्दे और टिम्बर उद्योग को राहत देने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा देने की नीति बनाई जाए एवं क्क्रद्गस् मानकों



की पुनः समीक्षा हो। ऐसे उद्योगों के लिए एकमुश्त योजना लाकर, उचित निरीक्षण के साथ नियमित किया जाए। टिम्बर आधारित उद्योगों पर लगने वाली अनावश्यक मार्केट कमेटी फीस को पूरी तरह से समाप्त किया जाए। सभी विभागों में लाइसेंस नवीनीकरण की अवधि 5 वर्ष की जाए और अनावश्यक ह्नस्ह्रक्क प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। पुराने उद्योगों के लिए भूजल उपयोग के नियमों में राहत दी जाए और नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल किया जाए। यमुनानगर-जगाधरी के शहरी विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दे प्रस्तुत किए गए जिनमें शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसे हेरिटेज सिटी का दर्जा दिया जाए। धार्मिक और पर्यटन दृष्टिकोण से यमुना नदी किनारे एक भव्य रिवरफ्रंट विकसित किया जाए। रादौर पांवटा साहिब और सहारनपुर जैसी जगहों से यमुनानगर को बेहतर सड़क एवं परिवहन सुविधा से जोड़ा जाए। मास्टर प्लान के तहत शहर के सेक्टरों की योजना और बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाई जाए। राजेश सोंधी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जो अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और प्रदेश के विकास के प्रति गहरी समझ के लिए जाने जाते हैं, ने प्रतिनिधिमंडल को समय दिया और उनकी बातों को गहरी रुचि के साथ सुना। इस दौरान, राज्य निकाय ने प्रमुख राज्य-स्तरीय मुद्दों को उठाया, जबकि प्रत्येक चैप्टर ने अपने स्थानीय मुद्दों और आवश्यकताओं से संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किए। प्रदेश महासचिव राज चावला ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी सुझावों को धैर्यपूर्वक सुना और तुरंत ही इन ज्ञापनों को प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को आगामी राज्य बजट में विचाराधीन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को खुश करने वाला होगा और हरियाणा के नागरिकों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने ।ष्टष्ट्ढ के सभी चैप्टर चेयरमैन को जिला स्तर की शिकायत निवारण समितियों में उचित प्रतिनिधित्व देने का आश्वासन दिया, जिससे जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान में उद्योग जगत की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होगी। उन्होंने ।ष्टष्ट्ढ द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों और मांगों को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने का भरोसा दिलाया। राज चावला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदर्शित यह पारदर्शिता और सक्रिय भागीदारी प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और हरियाणा को संतुलित एवं समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रधान राजेश सोंधी ने इस महत्त्वपूर्ण बैठक के सफल आयोजन के लिए भाजपा प्रदेश आई.टी प्रमुख एवं एचसीसीआई यमुनानगर चैप्टर के कोषाध्यक्ष आदित्य चावला का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का मिशन उद्योगों की समस्याओं का समाधान करवाना, नीतिगत सुधारों के लिए सरकार के साथ समन्वय बनाना।

स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com